UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 22.04.2025

थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 22.04.2025 को उ0नि0 श्री सीताराम मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 120/25 धारा 140(1)/64(1) बीएनएस व 3(2)V SC/ST Act में वांछित अभियुक्त रामलखन पुत्र जयवीर निवासी ग्राम बृजपालपुर थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र 23 वर्ष को पीखी नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रामलखन पुत्र जयवीर निवासी ग्राम बृजपालपुर थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र 23 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 श्री सीताराम
2.का0 समरबहादुर
3.का0 अरूण कुमार सिंह

प्रेस नोट - दिनांक 22.04.2025

थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव।

हत्या के प्रयास के आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के दो आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20.04.2025 को समय करीब 21.00 बजे थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट व झगड़ा हुआ, जिसमें प्रथम पक्ष के हर्ष यादव पुत्र दीपू यादव नि0 कंचन नगर बी थाना गंगाघाट उन्नाव को द्वितीय पक्ष के अनिल निशाद, रज्जन, मोहित, लवकुश नि0गण मोहल्ला कंचननगर छ: खम्बा, गंगाघाट जनपद उन्नाव ने लाठी डंडों आदि से मारा पीटा, जिसमें हर्ष यादव को गंभीर चोटे आई थी। प्रथम पक्ष से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 208/25 धारा 109(1)/115(2)/191(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 22.04.2025 को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त मोहित गौतम पुत्र रघुवीर गौतम उम्र 20 वर्ष तथा प्रकाश में आये अभियुक्त अमित गौतम पुत्र रामप्रताप उम्र 30 वर्ष निवासीगण छः खम्भा कंचननगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव को आजाद मार्ग, आर्यनगर कट के पास से गिरफ्तार किया गया। विवेचना प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. मोहित गौतम पुत्र रघुवीर गौतम उम्र 20 वर्ष निवासी छः खम्भा कंचननगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
2. अमित गौतम पुत्र रामप्रताप उम्र 30 वर्ष निवासीगण छः खम्भा कंचननगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 श्री रवीशंकर पाण्डेय
2.हे0का0 सुशील कुमार
3.का0 प्रशान्त कुमार